देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 304 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...अधिकार का ही एक रूप



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 15 जनवरी 2020



मौसम अधिकतम 18.0° न्यूनतम 9.0°

41952.63

2 शाही दंपती को वक्त देने के लिए राजी

7 सिर पर चोट, फील्ड पर नहीं उतरे पंत

## संक्षिप्त समाचार

### सोना-चांदी की कीमत में भारी गिरावट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वैश्विक सर्राफा बाजार में नरमी और स्थानीय स्तर पर मांग में अभाव के कारण मंगलवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने का भाव 61 रुपये घट कर 40,422 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। चांदी भी 602 रुपये की गिरावट के साथ 47,083 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। एचडीएफसी सिक्यॉरिटीज ने यह जानकारी दी। छह जनवरी के मुकाबले एक सप्ताह में सोना 1208 रुपये और चांदी 2347 रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। अमेरिकी एयर स्ट्राइक से ठीक पहले सात जनवरी को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 41,210 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी 48,600 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

### नडेला ने सीएए पर जताया दुख,लेखी का कटाक्ष

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सीएए पर माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला के बयान पर बीजेपी सांसद मीनाक्षी लेखी ने मंगलवार को तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह इस बात का सटीक उदाहरण है कि साक्षरों को शिक्षित होने की आवश्यकता है। सीएए पर बजफीड के एक सवाल पर नडेला ने कहा कि भारत में जो कुछ हो रहा है वह काफी दुखी करने वाला है। नडेला ने कहा कि वह देश में एक बांग्लादेशी प्रवासी को करोड़ों डॉलर की टेक कंपनी बनाने में मदद करते देखना या इन्फोसिस का सीईओ बनते देखना पसंद करेंगे।

### इस बार 12 रिजर्व सीटों के दम पर दिल्ली फतह की तैयारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली में विधानसभा के चुनावी इतिहास को खंगालें तो पता चलता है कि बीजेपी के सत्ता तक पहुंचने का रास्ता उन 12 रिजर्व सीटों से होकर गुजरेगा जो दिल्ली की 70 विस सीटों में अपनी अलग अहमियत रखती है।

# कांग्रेस का पाकिस्तान से है कनेक्शन

बीजेपी ने कहा कि कांग्रेस ने वही किया जिसमें वह पारंगत है

## अधीर रंजन चौधरी के डीएसपी खान वाले बयान पर बीजेपी लाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आतंकियों की मदद करने में गिरफ्तार जम्मू-कश्मीर के डीएसपी देविंदर सिंह पर बीजेपी और कांग्रेस में जुबानी जंग शुरू हो गई है। बीजेपी ने आज कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि देश की इस सबसे पुरानी पार्टी का पाकिस्तान के साथ कुछ न कुछ कनेक्शन जरूर है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी के डीएसपी देविंदर सिंह की गिरफ्तारी में धर्म ढूंढने पर करारा प्रहार करते हुए बीजेपी ने कहा कि कांग्रेस ने वही किया है जिसमें वह निपुण है, भारत के ऊपर हमला और पाकिस्तान को बचाने की कोशिश। दरअसल, अधीर ने कहा था कि आतंकवादियों के साथ गिरफ्तार डीएसपी का नाम देविंदर सिंह की जगह देविंदर खान होता तो सोशल मीडिया पर आरएसएस की ट्रोल आर्मी हंगामा बरपा देती।



### अधीर ने बयान पर दी सफाई

अपने बयान पर मचे बवाल के बीच कांग्रेस नेता अधीर रंजन ने सफाई दी है। उन्होंने कहा, बीजेपी नेता कह रहे हैं कि हमें यूपी, कर्नाटक की मिसाल का पालन करना चाहिए। इन राज्यों में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने फायरिंग की जिसमें लोग मारे गए। इन्हीं कारणों से मैं यह कहने पर विवश हुआ कि क्यों आरएसएस-बीजेपी देविंदर सिंह मुद्दे पर चुप है। क्या देविंदर खान नाम होने पर भी ये ऐसे ही चुप रहते।

**कांग्रेस ने धर्म भी ढूंढ लियाः** इस पर बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, आव देखा न ताव, कांग्रेस ने धर्म ढूंढ लिया है। आतंकवाद पर धर्म की राजनीति करना कांग्रेस का राजनीतिक तरीका रहा है। भगवा आतंकवाद, हिंदू आतंकवाद जैसे शब्द कांग्रेस ने ही गढ़े हैं। सोनिया गांधी के इशारे पर यह सब हो रहा है। उन्होंने आगे कहा, कुछ तो गड़बड़ है, कुछ तो कनेक्शन पाकिस्तान के साथ है। आप इंतजार कीजिए आज फिर से हाफिज सईद कहेगा, आई लव यू कांग्रेस।

### सुरक्षा से जुड़े मसले पर न हो राजनीति

जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गर्वनर गिरीश चंद्र मुर्मू के सलाहकार फारूक खान ने डीएसपी देविंदर मुद्दे पर बयानबाजी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राजनीतिक दल भारत की सुरक्षा से जुड़े मसले पर राजनीति कर रहे हैं।

**डीएसपी का आंतकियों के साथ कनेक्शन, इसलिए गिरफ्तार** पात्रा ने कहा कि डीएसपी का आतंकियों के साथ कनेक्शन निकला और इसीलिए उसकी गिरफ्तारी हुई है। कांग्रेस हिंदुओं को आंतकवादी साबित करने की लगातार कोशिश करती रही है।

## निर्भया केसः 2 दोषियों की क्यूरेटिव पेटिशन सुप्रीम कोर्ट से खारिज

# फांसी की सजा से नहीं मिली राहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। निर्भया के दो दोषियों विनय कुमार शर्मा और मुकेश सिंह की क्यूरेटिव पेटिशन सुधारात्मक याचिका सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान खारिज कर दी। इसी के साथ कोर्ट ने उनकी वह याचिका भी खारिज कर दी, जिसमें दोनों दोषियों ने फांसी की सजा पर रोक लगाने की मांग की थी। ऐसे में 22 जनवरी को दी जाने वाली फांसी का रास्ता साफ हो गया। हालांकि, अब भी इन दोनों के पास सिर्फ राष्ट्रपति के पास दया याचिका दायर करने का ही एकमात्र विकल्प बचा है।

इससे पहले 7 जनवरी को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट निर्भया के चारों दोषियों को फांसी देने की 22 जनवरी की तारीख तय कर चुकी है। वहीं, डेथ वारंट के बाद फांसी से घबराएं दो दोषियों मुकेश सिंह और विनय शर्मा ने ही सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव याचिका डाली थी। इस बीच सुनवाई से ठीक पहले निर्भया की मां ने अहम बयान में कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि दोषियों की क्यूरेटिव पेटिशन सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो जाएगी। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आगामी 22 जनवरी की सुबह 7 बजे चारों को फांसी पर लटकाया जाएगा।

दरअसल, डेथ वारंट जारी होने के बाद चार में से दो दोषियों विनय शर्मा और मुकेश सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव पेटिशन दायर कर राहत की गुहार लगाई थी।

### निर्भया की मां बोलीं- न्याय व्यवस्था पर भरोसा

निर्भया की मां ने कहा है कि उन्हें न्याय व्यवस्था पर आस्था है और उन्हें पूरी उम्मीद है कि दोषियों को फांसी जरूर होगी। उन्होंने कहा, मेरी सरकार, सिस्टम से यही अपील है कि 7 साल हो गए एक बच्ची के साथ बर्बरता हुए, राष्ट्रपति से अपील है कि मुजरिमों की फांसी नहीं टलनी चाहिए। जब निर्भया की मां से दोषियों की संभावित दया याचिका सवाल पूछा गया तो वह बोलीं, देखिए एक सिस्टम है और उन्हें पहले भी यह मौका मिल चुका है।



### क्यूरेटिव पेटिशन में 17 मामलों का जिक्र

दोषियों विनय कुमार शर्मा और मुकेश सिंह ने अपनी क्यूरेटिव पेटिशन में कहा है कि दो साल पहले यानी वर्ष 2017 के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद 3 जजों की बेंच ने दुष्कर्म और हत्या से जुड़े 17 केस में दोषियों की फांसी की सजा उम्रकैद में तब्दील की है।

# उत्तरी कश्मीर में कई हिमस्खलन, 4 जवान शहीद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** श्रीनगर। भारी बर्फबारी की मार झेल रहे उत्तरी कश्मीर में पिछले 48 घंटे कई हिमस्खलन में कुल 4 जवान शहीद हो गए हैं। सैन्य सूत्रों बताया कि माछिल सेक्टर में सेना की एक चौकी पर हुए हिमस्खलन में तीन सैनिकों की जान चली गई जबकि एक लापता है। उन्होंने बताया कि एक अन्य जवान को बचा लिया गया है। लापता जवान की तलाश के लिए राहत और बचाव अभियान जारी है।

उधर, नौगाम सेक्टर में बीएसएफ के 4 जवान बर्फीले तूफान की चपेट में आ गए जिसमें तीन को बचा लिया गया है जबकि एक शहीद हो गया है। सेना के सूत्रों ने बताया कि माछिल

### पिछले 48 घंटे कई हिमस्खलन

सेक्टर में 3 जवान शहीद हुए हैं। बताया जा रहा है कि इलाके में बर्फीला तूफान आया था जिसमें ये जवान दब गए और उनकी मौत हो गई। इलाके से कई जवानों को बचाया गया है। लापता जवान की तलाश जारी है। बता दें कि कश्मीर घाटी में बीते कई दिनों से हो रही भारी बर्फबारी के बीच उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में एक बार फिर हिमस्खलन शुरू हो गए हैं।

**बांदीपोरा जिले में भी हिमस्खलनः** उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले में भी सोमवार को हिमस्खलन की घटना हुई थी, जिसके कारण कुछ मकानों को नुकसान हुआ था।

# पाक में नहीं है जामा मस्जिद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सीएए प्रदर्शनः कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को फटकारा

नई दिल्ली। भीम आर्मी नेता चंद्रशेखर की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिल्ली की अदालत ने पुलिस को फटकार लगाई। तीस हजारी कोर्ट ने पुलिस से पूछा कि जामा मस्जिद के सामने शांतिपूर्वक प्रदर्शन होने देने में उन्हें दिक्कत क्या थी। कोर्ट में पाकिस्तान तक का जिक्र आया। कोर्ट ने आगे भीम आर्मी के नेता चंद्रशेखर को उभरता नेता भी कहा। दरअसल, जामा मस्जिद पर नागरिकता संशोधन कानून को लेकर प्रदर्शन के चलते चंद्रशेखर को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें वहां प्रदर्शन की इजाजत नहीं थी। इस प्रदर्शन के बीच दरियागंज में हिंसा भी हुई थी।

कोर्ट ने पुलिस से पूछा कि कौन से कानून में लिखा है कि धार्मिक स्थान के बाहर प्रदर्शन नहीं किया जा सकता? आगे कहा गया कि लोग शांति से कहीं भी प्रदर्शन कर सकते हैं। कोर्ट ने कहा, लोग शांति से कहीं भी प्रदर्शन कर सकते हैं।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in